अव्यवस्था | कार्यवाही के बावजूद नहीं संभल रहे हालात

# रेलवे स्टेशन से लेकर आउटर तक अवैध वेंडरों का आतंक



**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर में इन दिनों गर्मी अपने चरम पर पहुंच गई है। ऐसे में रेल से यात्रा करने वाले यात्रियों को हर थोड़ी देर में लगने वाला शुद्ध और शीतल पेयजल के साथ साथ ठंडी खाद्य सामग्री को मनमाने दामों और अशुद्ध गुणवत्ता के साथ अवैध वेंडर्स उपलब्ध करा रहे है। अब इनकी पहुंच स्टेशन के साथ साथ स्टेशन के आउटर तक बढ़ चुकीं है। लंबी दूरी की ट्रेनें जब पुल नं 1, 2 और 3 के अलावा शोभापुर आउटर में आकर रुकती है तब ये अवैध वेंडर्स अपना सामान बेचने के लिए जनरल से लेकर एसी डिब्बों तक में चढ़ जाते है और मनमाने दामों में यात्रियों को खाद्य सामग्री बेचते हैं। जिसके चलते ये गुणवत्ताहीन भोजन ग्रहण करने के बाद लोग अक्सर बीमार पड़ जाते हैं। जिसके चलते जबलपुर रेलवे स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्रियों की स्थिति तो हद से ज्यादा बुरी होती जा रही है। एक तरफ जहां लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा हैं तो वहीं दूषित खाना खाने से यात्री फूड प्वाइजनिंग का शिकार भी हो रहे हैं।

### कहां है सक्रिय

- पुल नं 1 के पास
- पुल नं 2 के समीप
- पुल नं 3 से लेकर पुल नं चार तक

### शोभापुर आउटर में

- क्या कार्यवाही हुई ?
- विगत दो हफ्तों से आरपीएफ द्वारा विशेष अभियान के तहत् पकड़े गए है अवैध वेंडर्स

### हो रहा जान से खिलवाड़

प्रचंड गर्मी के कारण ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्रियों की हालात पहले से ही खराब है। अत्याधिक भीड़ के चलते यात्रियों को बेहतर खाना और ठंडा पानी आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाता है। बता दे कि जब 43 डिग्री से अधिक तापमान में खुले में दो घंटे भी खाना फ्रेश नहीं रहता है ऐसे में यह अवैध वेंडर दिन भर रेल लाइन के किनारे खाना बेचते रहते हैं शाकाहारी खाने के साथ ही यह उबले अंडे और अंडा करी जैसा सामान भी यहां बेच रहे है। ऐसे में गर्मी में यह खाने का सामान लोगों के लिए जानलेवा हो जाता है।

### लगातार हो रही कार्यवाही

दिन ब दिन अवैध वेंडरों के बढ़ते आतंक को लेकर जब रेलवे के अधिकारियों से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि प्राय: हर रोज ही स्टेशन एवं आसपास के क्षेत्रों में घूम रहे अवैध वेंडरों पर कार्रवाई की जा रही है। बावजूद इसके हालात संभलने का नाम नहीं ले रहे हैं।



# व्यापारी का लाइसेंस निरस्त कर दर्ज हो एफआईआर

**भारतीय किसान संघ ने किया मंडी में उग्र प्रदर्शन**

**नवभारत, जबलपुर।** विगत दिनों जबलपुर कृषि उपज मंडी में अपनी उपज गेहूं लेकर पहुंचे किसान के साथ एक व्यापारी द्वारा की गई अभद्रता व गाली गलौंच का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। किसान के साथ मंडी में हुई अभद्रता से जिले भर के किसानों में भारी नाराजगी है। सोमवार को भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने कृषि उपज मंडी पहुंचकर जमकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी व उग्र प्रदर्शन कर अपनी मांगो का ज्ञापन एसडीएम अभिषेक सिंह को सौंपा। किसान संघ के जिलाध्यक्ष रामदास पटेल ने जानकारी देते हुए बताया बताया कि मंझोली तहसील के किसान शिवकुमार झारिया, राजकुमार पटेल व पवन 29 अप्रैल को मंडी अपना गेहूं लेकर विक्रय करने आए थे। व्यापारी द्वारा बोली लगाकर गेहूं खरीदा गया और जब किसान ने व्यापारी शिव शक्ति ट्रेडर्स के फड़ पर गेहूं उड़ेल दिया तो उसके बाद व्यापारी ने गेहूं में मिट्टी, कंकड़ आदि बताकर खरीदने से मना कर दिया और किसान के साथ अभद्र व्यवहार किया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ। जिसकी शिकायत भारतीय किसान संघ ने मंडी प्रशासन से की। संघ ने मंडी प्रशासन से मांग की गई थी कि उस व्यापारी का तत्काल मंडी लाइसेंस निरस्त किया जाए। लेकिन मंडी प्रशासन ने कार्यवाही नहीं की।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर किसान संघ के प्रांत उपाध्यक्ष मोहन तिवारी, जिलाध्यक्ष रामदास पटेल, जिला मंत्री धनंजय पटेल, महानगर अध्यक्ष राजकुमार पटेल, पनागर तहसील अध्यक्ष जितेंद्र पटेल, पाटन तहसील अध्यक्ष मुकुल पचौरी, मंत्री रितेश पटेल, शहपुरा तहसील अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, मंत्री धरम पटेल, जिला प्रचार प्रमुख भरत पटेल, जिला उपाध्यक्ष सुरेश पटेल सिहोरा, रामकृष्ण सोनी, मंझोली तहसील अध्यक्ष वीरेंद्र पटेल, मंत्री रंजीत पटेल, अटल पटेल, प्रेमचंद कुर्मी सहित सैकड़ों की संख्या में किसान मौजूद रहे।

# घर में घुसकर महिला पर पत्थर से जानलेवा हमला, हालत नाजुक

**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत आजाद नगर गोकलपुर में देर रात बदमाशों ने जमकर उपद्रव मचाया। बदमाशों ने एक घर में घुसकर न केवल मारपीट की, बल्कि बीच-बचाव करने आई महिला के सिर पर पत्थर से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में घायल महिला फिलहाल मेडिकल कॉलेज में अचेत अवस्था में है और उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि ओमप्रकाश सोमकुंवर (56 ) के घर रात करीब 11:30 बजेमोहल्ले के लड्डू, आकाश, टकला और छोटू अन्ना अनिल यादव ने दरवाजे पर लातें मारनी शुरू कर दीं। जैसे ही ओमप्रकाश और उनकी पत्नी श्रीमती बबीता अहिरवार ने बाहर निकलकर मना किया तो चारों आरोपियों ने उन पर हमला बोल दिया। मारपीट के दौरान आरोपी लड्डू ने जान से मारने की नीयत से पास पड़ा एक भारी पत्थर उठाया और बबीता के सिर पर दे मारा। प्रहार इतना जोरदार था कि बबीता वहीं खून से लथपथ होकर बेहोश हो गईं। परिजनों के बीच-बचाव करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।

### 3 अस्पतालों के काटे चक्कर, हालत गंभीर

परिजनों ने तत्काल घायल बबीता को रांझी शासकीय अस्पताल पहुँचाया, जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें विक्टोरिया अस्पताल रिफर किया गया। स्थिति में सुधार न होने और सिर की गंभीर चोट को देखते हुए उन्हें अंतत: मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया है, जहाँ वे फिलहाल जिंदगी की जंग लड़ रही हैं। पुलिस ने ओमप्रकाश सोमकुंवर की रिपोर्ट पर आरोपी लड्डू, आकाश, टकला और छोटू अन्ना के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# सभी अस्पताल विद्युत उपकरणों और वायरिंग की जांच कराएं

**स्वास्थ्य सेवाओं और सुरक्षा मानकों की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश**



**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी और अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें अस्पतालों में सुरक्षा और सेवाओं की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने हेतु आवश ?यक निर्देश दिये गये। दिल्ली में हुई एसी विस्फोट का जिक्र करते हुए इलेक्ट्रिकल ऑडिट रिपोर्ट की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बढ़ते तापमान को देखते हुए सभी अस्पताल अपने विद्युत उपकरणों और वायरिंग की जांच गंभीरता से कराएं ताकि शॉर्ट सर्किट जैसी अप्रिय घटनाओं से बचा जा सके। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी अस्पताल में इमरजेंसी एग्जिट यानी आपातकालीन निकास द्वारों पर कोई सामग्री नहीं रखी जानी चाहिए और उन्हें हर समय बाधा रहित रखा जाए। बैठक में स्पष्ट किया गया कि मरीजों के जीवन की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सुरक्षा मानकों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, यातायात पुलिस अधीक्षक अंजना, नोडल अधिकारी डॉ. आदर्श बिश्नोई, शहर के निजी चिकित्सालयों, नर्सिंग होम संचालकों, मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधियों सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### पकड़ा गया शातिर चोर

**जबलपुर, नवभारत।** ट्रेनों में बढ़ते चोरी के अपराध पर लगाम लगाने के लिए जबलपुर जीआरपी द्वारा लगातार अभियान चलाकर यात्रियों के सामानों की निगरानी की जा रही है तथा संदिग्धों को पकड़कर उनसे पूछताछ की जा रही है। इसी कड़ी में रविवार 3 मई को जीआरपी जबलपुर की टीम द्वारा विशेष चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन जबलपुर के प्लेटफार्म नम्बर-6 के इटारसी छोर पर संदिग्ध विवेक वैद्य निवासी जालपा वार्ड कटनी को पकड़ा गया। थाना लाकर जब पूछताछ की गई तो उसके द्वारा 11 माह पूर्व ट्रेन क्रमांक 09066 हमसफर एक्सप्रेस से स्लीपर कोच से एक पिट्ठू बैग जिसमें सोने चांदी के जेबरात, दो मोबाइल व जरूरी कागजात रखे हुए थे चोरी करना स्वीकार किया तथा चोरी के जेबरात बेचने के लिए जबलपुर आना व बिक नहीं पाने के कारण वापस अपने साथ कटनी लेकर जाना बताया। आरोपी के कब्जे से एक सोने का मंगलसूत्र, एक सोने की चेन, सोने की दो बाली, एक छोटा लाकिट, एक जोड़ी चांदी की पायल। कुल कीमत ढाई लाख का मशरूका बरामद किया है।

# यूबीआई पर पचास हजार रुपये की कॉस्ट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक अनुकंपा नियुक्ति आवेदन पर बहुत देरी से और अस्पष्ट निर्णय लेने पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया मुंबई पर कड़ी नाराजगी जताई। जस्टिस जेके पिल्लई की एकलपीठ ने बैंक प्रबंधन पर 50 हजार रुपए की कॉस्ट लगाई। इसके साथ ही बैंक को निर्देशित किया है कि याचिकाकर्ता को अनुकंपा नियुक्ति देने पर विचार करते हुए निर्णय पारित करें। न्यायालय ने कहा कि बैंक 30 दिन के भीतर कॉस्ट की 50 हजार रुपए की राशि याचिकाकर्ता को प्रदान करे। रीवा निवासी निखिल कोल की ओर से अधिवक्ता नर्मदा प्रसाद चौधरी एवं अमित चौधरी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता के पिता स्व शंकर प्रसाद कोल की ड्यूटी के दौरान 7 जुलाई 2016 को निधन हो गया था। याचिकाकर्ता ने नवंबर 2016 में ही अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन पेश कर दिया था। इसके बावजूद बैंक ने दो साल तक आवेदन को लंबित रखा। बाद में 2018 में निरर्थक कारण बताते हुए आवेदन निरस्त कर दिया। न्यायालय ने अधिकारियों द्वारा अपनाए गए घोर उदासीन रवैये पर कड़ी आपत्ति जताई। इसके साथ ही कहा कि यह विवादित कार्रवाई कानून की दृष्टि से मान्य नहीं है। जिसके बाद न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## एक नजर में



### बड़ा पत्थर क्षेत्र में नई शराब दुकान खुलने का विरोध

**नवभारत, जबलपुर।** रांझी क्षेत्र के बड़ा पत्थर में प्रस्तावित नई शराब दुकान के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि बड़ा पत्थर क्षेत्र सामाजिक एवं धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है, जहां पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित होते हैं। ऐसे संवेदनशील क्षेत्र में शराब दुकान खोले जाने से क्षेत्र की गरिमा एवं सामाजिक वातावरण प्रभावित होने की आशंका है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि प्रस्तावित शराब दुकान को उक्त स्थान से हटाकर किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए, जिससे क्षेत्र की सामाजिक और सांस्कृतिक मर्यादा बनी रहे। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष वत्स,पूर्व पार्षद राजेश यादव, शहर कांग्रेस महासचिव रविंद्र कुशवाहा, जग्गू विश्वकर्मा, संजू ठाकुर, अनुराग तिवारी,निर्मल चंद जैन, जगतमणि चतुर्वेदी, गोविंद अहिरवार, अंकित पटेल,राजू कनौजिया,नारायण गुप्ता,देवेंद्र लखेरा,दुर्गेश कुशवाहा,राहुल चौधरी,के के मिश्रा,राजेश श्रीवास,नारायण चौधरी,देवेंद्र कुशवाहा,सुनील सराठे,राजकुमार राणे,रवि राय, सुनील कुशवाहा, आनंद यादव, रामू कोल एवं कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवर पार, पुणे गई थी बुजुर्ग महिला

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत शक्ति नगर इलाके में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया। वारदात उस समय हुई जब मकान मालकिन अपने बेटों के साथ इलाज के सिलसिले में पुणे गई हुई थीं। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, शक्ति नगर भोले कुटी के पास निवासी 63 वर्षीय श्रीमती गीता पाण्डेय का बड़ा बेटा ऋतुराज पाण्डेय पुणे में कार्यरत है। ऋतुराज की आंखों में तकलीफ होने के कारण वह कुछ दिन पहले घर आया था। बेटे की सलाह पर गीता पाण्डेय 19 अप्रैल को अपने बड़े बेटे ऋतुराज और छोटे बेटे मृदुपूर्ण पाण्डेय के साथ चेकअप कराने पुणे चली गई थीं। 3 मई की रात जब गीता पाण्डेय अपने छोटे बेटे के साथ वापस घर लौटीं, तो नजारा देख दंग रह गईं। घर के मुख्य गेट का ताला तो लगा था, लेकिन भीतर के दरवाजे का कुंडा टूटा हुआ था। अंदर जाने पर देखा कि घर की चारों अलमारियों के ताले टूटे पड़े थे और पूरा सामान अस्त-व्यस्त बिखरा हुआ था। चोरों ने इत्मीनान से घर खंगाला और अलमारी में रखे कीमती जेवरात समेट लिए। चोरी गए सामान में सोने की बेंदी, दो चूड़ी कड़े, चार अंगूठियां, मंगलसूत्र, एक चैन, कान का सेट, झुमकी और टॉप्स, चांदी की 9 जोड़ी पायल, 20 सिक्के, चांदी की आरती, चैन लॉकेट सहित, बच्चों के कड़े, हाथ के कड़े, बिछिया और अन्य सजावटी सामान गायब था।

### अप्रैल माह में ओरिजिनेटिंग फ्रेट लोडिंग 4 .56 मिलियन टन हुई

**जबलपुर, नवभारत।** अप्रैल के पहले ही माह में माल ढुलाई में पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा 4 .56 मिलियन टन ओरिजिनेटिंग फ्रेट लोडिंग की गई।उल्लेखनीय है कि माल ढुलाई ने पश्चिम मध्य रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 58 .07 मिलियन टन ओरिजिनेटिंग फ्रेट लोडिंग दर्ज की। यह उल्लेखनीय बढ़ोतरी महाप्रबंधक के सतत मॉनिटरिंग एवं वाणिज्य तथा परिचालन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा जबलपुर, भोपाल और कोटा मंडलों में किए गए निरंतर प्रयासों का परिणाम है।

# आत्महत्या की कोशिश कांड में पार्षद ने कहा फर्जी है एग्रीमेंट

**जमीन विवाद का मामला गरमाया एसपी से लगाई न्याय की गुहार**



**जबलपुर।** जमीन विवाद पर कलेक्ट्रेट में आत्महत्या की कोशिश करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। आरोप-प्रत्यारोप के साथ मामला गरमा गया है। अब पार्षद ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पार्षद ने कहा कि आरोप झूठे है। संबंधित जमीन उन्होंने विधिवत तरीके से वास्तविक भूमि स्वामी से खरीदी है और भुगतान बैंक के माध्यम से किया गया, साथ ही रजिस्ट्री भी कानूनी प्रक्रिया के तहत हुई है।

विदित हो कि गत दिवस एक युवक ने आत्महत्या करने के इरादे से अपने ऊपर मिट्टी का तेल छिड़क लिया था।हालांकि मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उसे रोक लिया था। युवक ने पार्षद और एक अन्य व्यक्ति पर उसकी जमीन से जुड़ी धोखाधड़ी का गंभीर आरोप लगाया था । उसका कहना था कि उसकी लगभग 2 एकड़ जमीन के मूल दस्तावेज जबरन छीन लिए गए और मिलीभगत से उसे करीब 40 लाख रुपए में बेच दिया गया। मामले में अब गढ़ा वार्ड के पार्षद मनीष पटेल ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी है। जिसमें उन्होंने कहा कि संजय पटेल पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके द्वारा दिखाया जा रहा एग्रीमेंट फर्जी है, जिसमें न किसान के हस्ताक्षर हैं और न ही कोई वास्तविक लेन-देन हुआ है, उन्होंने यह भी दावा किया कि संजय पटेल ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए कई लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी की है।

# मंदिर में बमबाजी, श्रद्धालुओं में आक्रोश

**जबलपुर।** केंट थाना अंतर्गत सदर स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में बीते दो दिनों से बमबाजी हो रही है वारदात को लेकर श्रद्धालुओं में आक्रोश है। मामले की शिकायत थाने में की गई है।

जानकारी के अनुसार आकाश मलिक निवासी कैंट ने शिकायत में बताया कि सदर में श्री लक्ष्मी गरायण मंदिर है। बीते दो दिनो से मंदिर में असमाजिक अपराधिक तत्वों द्वारा बम चलाएं जा रहे रहे है। रविवार को भी मंदिर की छत पर बम फेंक गए। जिससे छत में लगी सूखी घास में आग लग गई थी। रात होते ही मंदिर में बम फेंकने के दौरान आवाज के साथ क्षेत्रीय जन इकट्ठे हुए और अफरा-तफरी की स्थिति नर्मित हो गई। लगातार हो रही बमबाजी से क्षेत्र में भय का माहौल है। पीड़ित ने शिकायत करते हुए आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है ।



GREEN VALLEY PUBLIC SCHOOL
A Residential & Day Boarding School
NURSERY TO CLASS 12th
ADMISSIONS OPEN 2026-27
BIG DREAMS NEED A BIG START
GVPS SHAPE THE LEADERS OF TOMORROW WITH FUTURE-READY FACILITIES
KEY FEATURES: Affiliated to CBSE, Bus Facility, Air Cooled Hostel, Atal Tinkering Lab, Separate Hostel for Girls & Boys, Safe Campus, Large Playground, Healthy Environment, Greenery in Abundance, State of Art Classrooms, Digital Classrooms, CCTV Surveillance
For more Information
9300154300, 9300119919
Raigwan, Next to Bharat Petroleum, Patan Road, Jabalpur

होली लाईट चिल्ड्रन्स ऐकेडमी हॉयर सेकेण्डरी स्कूल
प्रवेश प्रारम्भ
Holy Light Children's Academy Higher Secondary School
शासन द्वारा मान्यता प्राप्त (नर्सरी से बारहवीं तक) हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम
नोट- गरीबी रेखा कार्ड धारकों को फीस में विशेष् सुविधा
अभिभावकों को मोबाईल एप द्वारा विद्यालय की समस्त जानकारी लाईव
अनुभवी शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा अध्यापन, स्वस्थ शिक्षा वातावरण
खेलकूद के लिये मैदान व शाला भवन की स्थाई ईमारत
विशिष्ट शिक्षण विधियों द्वारा अध्यापन, नैतिक/पारम्परिक संस्कारों से सुसज्जित शिक्षा
पेंटिग, ड्राइंग, योग कक्षा, जूड़ों का विशेष प्रशिक्षण, कम्प्यूटर शिक्षा की व्यवस्था
पिकनिक, आनंद मेला, वार्षिकोत्सव व क्राफ्ट प्रदर्शनी का प्रत्येक वर्ष आयोजन
फेल विद्यार्थी निराश न हो दसवीं, बारहवीं गारण्टी से पास
सभी BA,B.Com., B.Sc.,LLB, B.Ed, M.Ed. हेतु संपर्क करें
Jai Prakash Nagar, Adhartal, Jabalpur (MP) 482004 Mob: 9301646302, 9407059444

यश हायर सेकेण्डरी स्कूल
CBSE/ ICSE से MP BOARD में एडमिशन पर, उठायें सरकारी योजना का लाभ।
बोर्ड एग्जाम का % बढ़ाएं, समय बचाएं, NEET/ IIIT में एडमिशन गाइडेंस।
हमारे 36 बच्चों ने पाया लेपटॉप योजना का फायदा
ENGLISH & HINDI MEDIUM
Office- 8 To 4
Nursery, LKG, UKG, Admission Free*
नोट- हमारे प्रयास से श्रेष्ठ बच्चों के साथ-साथ कमजोर बच्चें भी बेहतर रिजल्ट लाकर दिखाते हैं। इसलिए हम देते हैं बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम।
सीधे 10वीं, 12वीं, कॉलेज प्राईवेट/ रेगूलर फार्म भरने की सुविधा।
• अधारताल तिराहा- 9303580611 • अमखेरा रोड, गोहलपुर- 9111009016

LEONARD H.S.SCHOOL
(Recognised by Govt of M.P.)
Classes : Nursery to 12th
Come and join us
ADMISSION OPEN
Informatics Practices/Maths Science/Commerce/Arts Groups
The School is located in a Peaceful and eco friendly atmosphere.
Emphasis is given on Spoken English in all the classes.
Sports and Cultural activities are held on a regular basis.
Excellent Board Results Year after Year.
53, Denning Road, Behind Civil Line Police Station Jabalpur (MP)
Phone : 0761-4030678, 9425387092, 7999910499

नवरात्रि एवं ईद पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
JYOTI INNER ZONE
10% से 15% तक की भारी छूट
LUX cozi, AMUL MACHO, JOCKEY, RUPA, DIXCY SCOTT
1222, Main Road Ganjipura, Near Super Market, Jabalpur (MP) 0761- 4038008

ADMISSION OPEN ENGLISH MEDIUM CBSE PATTERN
BULBUL KIDS KINGDOM
HIGH SCHOOL | UNIFORM FREE | NURSERY, L.K.G., U.K.G. & 1st to 10th
New Ram Nagar, Sanskar Parisar Ke Aage Amkhera Road, Adhartal, Jabalpur
Mo. 9301408550, 9301408551 Web:bulbilkidskingdom.com